महत्वपूर्ण एवं खास

किशोरी के साथ शारीरिक संबंध बनाने का किया प्रयास, बलात्कार का मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। जबरन खेत में ले जाकर किशोरी के साथ शारीरिक संबंध बनाने का कोशिश करने की रिपोर्ट मंदिर हसौद थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार मंदिर हसौद निवासी महिला 35 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि बुधवार को नवागांव छापर खेत में प्रार्थियां की बेटी 12 वर्ष को जितेंद्र यादव 28 वर्ष पिता ईश्वर यादव निवासी नवागांव मंदिर हसौद ने जबरन खेत में ले जाकर शारीरिक संबंध बनाने की कोशिश किया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पास्को एक्ट की धारा 376 के तहत अपराध कायम कर बलात्कार का मामला दर्ज कर लिया है।

पार्किंग में खड़ी मोटरसाइकिल पार, मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। पार्किंग में खड़ी हीरो होंडा मोटरसाइकिल को किसी ने चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट सिविल लाइन थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को शहीद वीर नारायण काम्प्लेक्स पार्किंग में खड़ी हीरोहोंडा स्प्लेंडर मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 डीएस 7666 को किसी ने चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट भगतसिंह चौक टिकरापारा निवासी मिथलेश देवांगन 23 वर्ष पिता जनकराम देवांगन ने थाने में दर्ज करायी है।

बेइज्जत करने की नियत से महिला का हाथ बांह पकड़ा, अपराध दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। बेइज्जत करने की नियत से महिला का हाथ बांह पकड़ा मना करने पर जान से कारने की धमकी दिया। घटना की रिपोर्ट डीडी नगर थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार डीडी नगर निवासी पीड़िता 36 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि मंगलवार को चंगोराभाठा में परशूराम नगर रायपुर निवासी विजय कुमार दास ने प्रार्थियां का बाहथ बांह पकड़कर खींच रहा था। मना करने पर जान से मारने की धमकी दिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 354, 506 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया हैं।

मुख्यमंत्री से मध्यप्रदेश के सहकारिता मंत्री ने मुलाकात की

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज यहां उनके विधानसभा परिसर स्थित कार्यालय कक्ष में मध्यप्रदेश के सहकारिता मंत्री डॉ. गोविंद सिंह ने सौजन्य मुलाकात की।

दुर्ग-पटना के मध्य होली एक्सप्रेस की सुविधा 8 मार्च को

रायपुर (आरएनएस)। होली के त्यौहार को देखते हुए रेल प्रशासन द्वारा दुर्ग पटना दुर्ग के बीच 08295/ 08296 दुर्ग- पटना -दुर्ग होली एक्सप्रेस 1 फेरे के लिए चलाई जा रही है । यह गाड़ी 08295 दुर्ग से दिनांक 8 मार्च 2020 रविवार को 16:00 बजे रवाना होगी एवं 09 मार्च सोमवार को 11:45 बजे पटना पहुंचेगी । यह गाड़ी रायपुर से 17:00 बजे बिलासपुर से 19:10 बजे पटना के लिए रवाना होगी। गाड़ी संख्या 08296 पटना- दुर्ग होली एक्सप्रेस पटना से बुधवार दिनांक 11 मार्च 2020 को 12:45 बजे रवाना होकर अगले दिन 12 मार्च गुरुवार को 10:30 बजे दुर्ग पहुंचेगी। यह गाड़ी रायपुर, बिलासपुर,चांपा, रायगढ़ झारसुगुड़ा, राउरकेला, हटिया, रांची, बोकारो सिटी, गया होते हुए पटना पहुंचेगी । इस गाड़ी में 02 एसएलआर कोच, 02 सामान्य श्रेणी के कोच 14 स्लीपर कोच, 2 एसी थ्री कोच एवं 01 एसी टू कोच सहित कुल 21 कोच रहेंगे

निधनः श्रीमती एम.भारती

भिलाई (आरएनएस)। भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक ओवन में कार्यरत एम.वी.एस.कुमार की माता श्रीमती एम.भारती देवी 76 वर्ष का बुधवार 26 फरवरी को निधन हो गया। वे लम्बे समय से बीमर चल रही थी। स्व.विट्ठल राव की धर्मपत्नी श्रीमती भारती स्मृति नगर वार्ड-2, सड़क-11 की निवासी थीं। उनकी अंत्येष्टि कार्यक्रम रामनगर मुक्तिधाम में सम्पन्न हुई।

धान खरीदी सहित अनेक मांगों को लेकर किसान मोर्चा का धरना 28 को

रायपुर (आरएनएस)। धान विक्रय का टोकन प्राप्त कर चुके किसानों के पूरे धान को खरीदने की घोषणा मुख्यमंत्री द्वारा 25 सौ रुपये क्विंटल के समर्थन मूल्य में की गई है। अनेक धान केंद्रों में अंतिम दिनों में जिस तरीके से धान खरीदी बंद की गई वह आपत्तिजनक है।

केन्द्रीय आयकर विभाग की टीम ने शहर के रसूखदारों के ठिकानों पर मारा छापा

रायपुर (आरएनएस)। केन्द्रीय आयकर विभाग की टीम ने आज राजधानी रायपुर में एक साथ कई रसूखदारों के निवास, कार्यालयों में एक साथ दबिश दी है। बताया जाता है कि जांच का केन्द्र बिंदु राजनीतिक फंडिंग है। अब तक करीब 8 बड़े लोगों के नाम सामने आ चुका है जिनके यहां आयकर विभाग जांच-पड़ताल कर रही है।

केन्द्रीय आयकर विभाग की टीम ने गुरूचरण होरा, महापौर एजाज ढेबर, डा. ए. फरिश्ता, श्रीमती टूटेजा, कारोबारी पप्पू भाटिया, सीए कमलेश जैन, सीए संजय संचेती सहित अन्य लोगों के नाम शामिल है। आयकर विभाग की टीम ने इन सभी लोगों के निवास, कार्यालयों में आज सुबह एक साथ दबिश दी है।

आयकर विभाग की यह कार्यवाही इतनी गुप्त थी कि इसकी भनक लोकल पुलिस तक को नहीं लगी। विभाग ने जब कार्यवाही शुरू की इसके बाद पुलिस को आयकर विभाग द्वारा दबिश दिए जाने की जानकारी मिली। इसके बाद ही पुलिस को इन मौकों पर बुलाया गया। बताया जाता है कि टीम अलग-अलग वाहनों में पहुंची और इन वाहनों में अलग-अलग विभागों के स्टीकर लगा हुआ था ताकि किसी को भी आयकर विभाग के पहुंचने की भनक न लग सके। समाचार लिखे जाने तक सभी जगह जांच कार्यवाही जारी थी, बताया जाता है कि इसके अलावा कुछ और जगहों पर भी आयकर विभाग की टीम जांच कार्यवाही कर रही है।

हिमालया बेबीकेयर ने डॉक्टरों और नवजात शिशुओं की माताओं के साथ इंटरैक्टिव सेशन का आयोजन किया

बिलासपुर (आरएनएस)। भारत के होम ग्रोन बेबी केयर ब्रांड हिमालया बेबीकेयर ने बिलासपुर में एक हेल्थ केयर एजुकेशन प्रोग्राम माई बेबी एण्ड मी का आयोजन किया। इस प्रोग्राम का आयोजन माताओं को टीकाकरण, नवजात शिशुओं की सेहत की जांच और हाल ही में बच्चे को जन्म देने वाली माताओं के लिये प्रसव के बाद देखभाल की अहमियत पर शिक्षित करने के लिये किया गया। बच्चों की सेहत और विकास संबंधित चिंताओं को दूर करने का प्रयास करते हुये हिमालया ने यह पहल की है। इस पहल के अंतर्गत शहर के डॉक्टरों के साथ इस इंटरैक्टिव सत्र के माध्यम से माताओं को शिक्षित किया गया। चक्रवर्ती, बिजनेस हेड, हिमालया बेबीकेयर एंड हिमालया फॉर मॉम्स, द हिमालया ड्रग कंपनी ने कहा, माता-पिता के पास आमतौर पर अपने बच्चे की सेहत, सोने के तरीकों, शिशु की मालिश इत्यादि के संबंध में कई सवाल होते हैं और वे इनका सही जवाब ढूंढने की कोशिश करते रहते हैं। 'माई बेबी एंड मी' पहल माताओं के लिये एक मंच है, जहां पर वह डॉक्टरों और दूसरी मांओं के साथ चर्चा करती हैं। इसके माध्यम से उन्हें अपनी सेहत और अपने बच्चे की स्वास्थ्य संबंधित चिंताओं का समाधान करने का मौका मिलता है। 'माई बेबी एंड मी' के माध्यम से हमारा इरादा माताओं को शहर के प्रमुख डॉक्टरों के साथ बातचीत करने का अवसर उपलब्ध कराना है।

नक्सलियों के कोर एरिया से कंप्यूटर, लेपटॉप प्रिंटर बरामद

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। नक्सल प्रभावित जिले दंतेवाड़ा और बीजापुर से लगे क्षेत्र में पुलिस बीते दो दिनों से ऑपरेशन प्रहार चला रही थी। इसमें तीन जवान घायल हुए, जिनका इलाज रायपुर में चल रहा है। दंतेवाड़ा के एसपी डॉ अभिषेक पल्लव ने बताया कि कंप्यूटर, लैपटॉप और प्रिंटर बरामद किए गए हैं। यह चीजें बड़े कैडर के नक्सली ही इस्तेमाल करते हैं। जाहिर है यह उनका कोर एरिया रहा होगा, जहां से इन सब चीजों का इस्तेमाल किया जा रहा था। टीम अब तक वापस नहीं लौटी हैं, उनके आने के बाद जानकारी और स्पष्ट हो सकेगी।

बुधवार को बासागुड़ा, गंगालूर के इलाकों में नक्सलियों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग की। जवानों की तरफ से मिले जवाब के बाद नक्सली भाग खड़े हुए। पुलिस एवं फोर्स की टीम ने नक्सलियों का कैम्प तबाह कर जमीन में एक बड़ा गड्ढा बनाकर प्लास्टिक टैंक के अंदर नक्सलियों ने प्रिंटर, बैटरी, कंप्यूटर और बड़ी तादाद में दस्तावेज छुपाकर रखे थे। सभी को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

कोण्डागांव जिले में बिना अनुमति के मोबाईल टॉवर लगाने का मुद्दा उठा

» मंत्री डहरिया ने कहा-हाईकोर्ट में तीन प्रकरण पर स्थगन होने के कारण कार्रवाई नहीं हो पायी

रायपुर (आरएनएस)। विधानसभा में आज कोण्डागांव जिले में बिना अनुमति के मोबाईल टॉवर लगाने का मामला उठा।

प्रश्नकाल में सत्ता पक्ष के सदस्य संतराम नेताम ने यह मामला उठाया। उन्होंने नगरीय प्रशासन मंत्री से पूछा कि जिले में कुल कितने मोबाईल टॉवर लगाए गए है और इनमें कितने बिना अनुमति के लगाए गई तथा उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है। इसके जवाब में नगरीय प्रशासन मंत्री डा. शिवकुमार डहरिया ने कहा कि कोण्डागांव जिले के नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में कुल 27 मोबाईल टॉवर लगाए गए है। इनमें 03 टॉवर बिना अनुमति के स्थापित है। उक्त तीनों प्रकरण में उच्च न्यायालय में स्थगन होने के कारण कार्रवाई नहीं की गई है। मंत्री ने यह भी जानकारी दी कि मोबाईल टॉवर से निकलने वाले रेडियेशन के नियंत्रण के लिए उपाय भारत सरकार दूरसंचार विभाग से किये जाते है। एक अन्य प्रश्न के जवाब में मंत्री ने कहा कि रेडियेशन को लेकर कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

इस मामले में कांग्रेस विधायक कुलदीप जुनेजा ने प्रश्न करते हुए कहा कि टॉवरों की रेडियेशन जांच के लिए भारत सरकार के अलावा राज्य सरकार को भी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने मांग की कि क्या राज्य सरकार भी इसकी जांच के लिए कोई नोडल अधिकारी नियुक्त करेगी। इसके जवाब में मंत्री ने इसकी जांच के लिए भारत सरकार की गाईड लाईन बनी हुई है। मंत्री ने विधायक की मांग को खारिज कर दिया।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका पद हेतु आवेदन 9 मार्च तक

बिलासपुर। गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिला में एकीकृत बाल विकास परियोजना गौरेला अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 14 पदों एवं सहायिका के 19 रिक्त पदों पर नियुक्ति की जाएगी। आवेदन सादे/बंद लिफाफे में स्वयं के द्वारा या पंजीकृत डाक से भी स्वीकार किए जायेंगे। आवेदन 9 मार्च 2020 तक कार्यालयीन समय प्रातः 10.30 से शाम 5.30 बजे तक जमा किए जायेंगे। इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना गौरेला जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही से कार्यालयीन समय में संपर्क किया जा सकता है।

शासकीय उचित मूल्य दुकान आबंटन हेतु आवेदन 16 मार्च तक

बिलासपुर। गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले में विकासखंड मरवाही अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकान गुदुमदेवरी, मसुरीखार, चचेड़ी, मनौरा, धुम्माटोला, बगरार, कटरा, पथर्री, मझगवां, विकासखंड गौरेला अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकान बेलपत, केंवची, हर्री, अंजनी, टीकरखुर्द, उमरखोही एवं विकासखंड पेण्ड्रा अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकान अमारू, जाटादेवरी अन्य उचित मूल्य दुकान में संलग्न होकर संचालित है। शासन के प्रावधान अनुसार उक्त ग्राम पंचायतों की शासकीय उचित मूल्य दुकान निर्धारित एजेंसी आदिम जाति सेवा सहकारी समिति (लेम्स), ग्राम पंचायत, महिला स्व सहायता समूह, लघु वनोपज समिति एवं अन्य सहकारी संस्था को आबंटित किया जाएगा।

221वीं बटालियन सीआरपीएफ कैम्प का बच्चों ने किया भ्रमण

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। जिले के गीदम 221वी बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा प्रयास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आस्था विद्यालय जवांगा के बच्चों व शिक्षकों को कैंप परिसर में बुलाकर उन्हें सीआरपीएफ द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमो, केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के साथ-साथ सीआरपीएफ के द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों में तैनात हो उनके द्वारा किए जा रहे ड्यूटी और छत्तीसगढ़ में सीआरपीएफ के योगदान को बच्चों को बताया गया।

सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत बच्चों के बीच विभिन्न खेल सामग्रियों का वितरण किया गया। इस दौरान संजय कुमार द्वितीय कमान अधिकारी, राजीव यादव द्वितीय कमान अधिकारी, श्रीमती मनीषा पाठक उपकमांडेन्ट, मृत्युंजय कुमार उपकमांडेन्ट और डॉक्टर विजय किशोरे रेड्डी उपस्थित रहे। और इन सभी की उपस्थिति में आस्था विद्यालय के बच्चों और शिक्षकों को कैंप में भ्रमण कराया गया। इस मौके पर संजय कुमार द्वितीय कमान अधिकारी द्वारा बच्चों को संबोधित करते हुए उनके प्रेरणा व मनोबल को बढ़ाते हुए खूब पढ़ने और खेल में भी आगे बढ़ने की बात कही। और भविष्य में भी बच्चे और सीआरपीएफ के बीच मिलते रहने की बात कही। इस मौके पर बच्चों को खुशियां और जिज्ञासा अद्भुत रही।

घोघा गौठान के महिला समूह ने 58 क्विंटल वर्मी खाद बेच कर कमाया लाभ

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरवा और बाड़ी से ग्रामीणों को अब लाभ मिलने लगा है। कबीरधाम जिले के आदर्श गौठान घोंघा विकासखण्ड बोड़ला में रविदास स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा गौठान के गोबर से वर्मीकम्पोस्ट खाद बेचकर आर्थिक लाभ लिया जा रहा है। उद्यानिकी विभाग को समूह ने 55 क्विंटल वर्मीकम्पोस्ट 10 रूपये प्रति किलो के दर से विक्रय किया। समूह द्वारा निर्मित खाद की मांग शासकीय विभागों के साथ-साथ निजी संस्थानों द्वारा भी की गई है। मुख्य रूप से जिले में काम करने वाले सामर्थ्य स्वसहायता समूह के द्वारा 1 टन वर्मी खाद की मांग रखी गई है। सुराजी गांव योजना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए बहुत से कार्य किये जा रहें है। गौठान में उपलब्ध गोबर से ग्रामीणो को आमदनी के लिए बहुत से स्त्रोत मिल गये है जिसमें वर्मीकम्पोस्ट खाद प्रमुख रूप से शामिल है। रविदास महिला स्वसहायता समूह की अध्यक्ष विमला बाई ने बताया कि उद्यानिकी विभाग को 55 क्विंटल खाद बेच कर समूह को लगभग 55 हजार रूपये की आमदनी होगी।

विधायक विकास उपाध्याय एवं निगम आयुक्त ने फीता काटकर वार्ड कार्यालय का लोकार्पण किया

रायपुर (आरएनएस)। नगर निगम रायपुर द्वारा नगर निगम जोन 5 के तहत आने वाले ठाकुर प्यारेलाल सिंह वार्ड के रहवासियों को वार्ड क्षेत्र की सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाईट, टैक्स, राशन कार्ड एवं विभिन्न संधारण कार्यो से संबंधित जनसमस्याओं के त्वरित निदान की स्थल पर कार्यवाही करने वार्ड कार्यालय एवं पार्षद कार्यालय का शुभारंभ कर शानदार सौगात दी गई है।

डंगनिया पानी टंकी के नीचे ठाकुर प्यारेलाल सिंह वार्ड के वार्ड कार्यालय एवं पार्षद कार्यालय का फीता काटकर शुभारंभ रायपुर पश्चिम विधायक विकास उपाध्याय ने वार्ड पार्षद एवं लोककर्म विभाग अध्यक्ष ज्ञानेष शर्मा और आयुक्त सौरभ कुमार की उपस्थिति किया। इस अवसर पर वार्ड के रहवासी गणमान्यजन निगम जोन 5 के कार्यपालन अभियंता डॉ. बीपीके राही, सहायक अभियंता आरएन पटेल उपस्थित थे। रायपुर पश्चिम विधायक उपाध्याय ने निगम जोन 5 के ठाकुर प्यारेलाल सिंह वार्ड के रहवासियों को निगम के वार्ड कार्यालय एवं पार्षद व एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा के पार्षद कार्यालय के वार्ड में डंगनिया पानी टंकी परिसर में खुलने पर बधाई दी एवं बताया कि वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य शर्मा वार्ड के पार्षद कार्यालय में नागरिको की समस्याओं को सुनने एवं निगम जोन 5 के प्रशासनिक अमले के अधिकारियों, कर्मचारियों के सहयोग से राज्य शासन की लोककल्याणकारी मंषा के अनुरूप वार्ड में ही समस्या के त्वरित निदान हेतु प्रतिदिन उपस्थित रहेंगे। एमआईसी सदस्य शर्मा नागरिको की जनसमस्याएं प्रतिदिन कार्यालय में सुनकर उनके निदान हेतु आवश्यक निर्देश जोन 5 के अमले को देंगे।

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स रायपुर - राज्यपाल प्रमाण-पत्र वितरण समारोह

रायपुर (आरएनएस)। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ रायपुर द्वारा मायाराम सुरजन शास. कन्या उ. मा. शाला में आयोजित जिला स्तरीय राज्य पुरस्कार एवं गोल्डन एरो प्रमाण-पत्र वितरण एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजेश अग्रवाल - राज्य कार्यकारी अध्यक्ष, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स एवं अध्यक्षता स्वामी - जिला मुख्य आयुक्त द्वारा की गई।

पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी - जीआर. चन्द्राकर, जिला अध्यक्ष एल. डी. दुबे, जिला आयुक्त (गाइड्स) ममता राय, भावना तिवारी - प्राचार्य मायाराम सुरजन शास. कन्या उ. मा. शाला ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

अतिथियों के सम्मान के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राजेश अग्रवाल जी ने बताया कि रायपुर जिला में स्काउट्स एवं गाइड्स की मेहनत का परिणाम है जो आज इतनी बड़ी संख्या में राज्यपाल महोदय के द्वारा सम्मानित होने का अवसर प्राप्त हुआ है । आप लोगों को अब राष्ट्रपति पुरस्कार की तैयारी करना है और राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त कर जिला और प्रदेश का नाम उज्जवल करना है। कार्यक्रम को जीआर. चन्द्राकर - जिला शिक्षा अधिकारी, जी. स्वामी जी एवं एल. डी. दुबे द्वारा संबोधित किया गया । कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा स्काउट्स, गाइड्स एवं स्काउटर, गाइडर को प्रमाण-पत्र वितरित किये गए। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव जीपी बुधौलिया द्वारा किया गया। स्वागत भाषण जिला कोषाध्यक्ष जीएल. धीवर द्वारा एवं आभार प्रदर्शन शाला की प्राचार्या भावना तिवारी द्वारा किया गया। सु हेमलता शर्मा, मनोज वर्मा, मती अभिलाषा शुक्ला, मुकेश बोरकर आदि स्काउटर गाइडर ने अपना सहयोग प्रदान किया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU